दिन– शुक्रवार                                                                 दिनांक– 28/08/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                         अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने टी आर ई फोर के लिए एक ही चरण में परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की। छात्रों ने समाप्त किया आंदोलन।

02. गंडक नदी के जलस्तर में आयी कमी। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा– राज्य में बाढ़ का खतरा फिलहाल टला।

03. राज्य सरकार ने नगर निकायों द्वारा भारी वाहनों से मार्ग कर, प्रवेश सेवा शुल्क और चुंगी की वसूली पर रोक लगायी।

04. और, भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

बिहार लोक सेवा आयोग की शिक्षक भर्ती परीक्षा, टीआरई फोर के लिए एक ही चरण में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा अलग–अलग नहीं होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में छात्र प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक के बाद यह घोषणा की। सरकार और अभ्यर्थियों के बीच दस प्रमुख बिंदुओं पर सहमति बनी है। ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता –

–––साउंड बाईट–––

समझौते के अनुसार, बीपीएससी की सभी परीक्षाएं निर्धारित समय पर कराने, पुस्तकालय अध्यक्ष की बहाली जल्द शुरू करने और सभी भर्ती प्रक्रियाओं में अधिकतम डोमिसाइल नीति लागू करने पर सहमति बनी है। भर्ती परीक्षाओं की अधिकतम उम्र सीमा के मुद्दे को परीक्षा सुधार समिति के समक्ष रखा जाएगा। सरकार भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर उसका सख्ती से पालन करेगी। प्रश्नपत्र, ओएमआर शीट और उत्तर पुस्तिका की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए भी परीक्षा सुधार समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा जाएगा। संविदा कर्मियों की भर्ती में अंक और वेटेज देने की स्थिति में अलग कोटा निर्धारित करने के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की जाएगी। बीपीएससी की सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी सहित अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक के आरोपों की निष्पक्ष जांच आर्थिक अपराध इकाई करेगी। वहीं, सत्तरवीं बीपीएससी, दारोगा भर्ती परीक्षा की जांच और सहायक प्रध्यापक भर्ती से पहले बिहार पात्रता परीक्षा कराने जैसे मुद्दों पर परीक्षा सुधार समिति की अनुशंसा के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री की घोषणाओं के बाद पटना के गर्दनीबाग में आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों ने पन्द्रह दिनों बाद आंदोलन समाप्त कर दिया है।

आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

---

नेपाल में आयी भीषण बाढ़ के बाद राज्य में बाढ़ का खतरा फिलहाल टल गया है। बुधवार रात गंडक नदी के जलप्रवाह में बढ़ोतरी के बाद कल से इसमें कमी दर्ज की गई है। वाल्मीकिनगर बराज से आज सुबह छह बजे गंडक नदी का जलस्राव निन्यानवे हजार आठ सौ क्यूसेक दर्ज किया गया। उप मुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि फिलहाल गंडक नदी में जल प्रवाह की स्थिति

सामान्य है। उन्होंने बताया कि भोतेकोशी, त्रिशूली और नारायणी नदी से होते हुए गंडक तक पहुंचने के दौरान जल प्रवाह की गति कम होने से इसका प्रभाव भी कम हो गया।

———साउंड बाईट———

श्री चौधरी ने बताया कि एहतियात के तौर पर गंडक के तटवर्ती सभी आठ जिलों को अलर्ट पर रखा गया है। विभाग की टीम तटबंधों की चौबीसों घंटे पेट्रोलिंग और निगरानी कर रही है।

———————————————————

नेपाल—तिब्बत में आई विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन सौ बानवे हो गई है। नेपाल में तीन सौ नवासी और तिब्बत में तीन व्यक्तियों की मौत हुई। सीमा के दोनों तरफ़ एक हजार चार सौ अड़सठ व्यक्ति लापता हैं। इधर, भारत ने बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि नेपाल में मौजूद दो सौ नब्बे भारतीय नागरिकों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। सरकार उनका पता लगाने और उनके बचाव के लिए प्रयास कर रही है। लापता भारतीयों में अलग—अलग राज्यों की पनबिजली परियोजनाओं के कर्मचारी और पर्यटक समूह शामिल हैं।

———————————————————

नगर विकास एवं आवास विभाग ने नगर निकायों द्वारा भारी वाहनों से मार्ग कर, प्रवेश सेवा शुल्क और चुंगी की वसूली पर रोक लगा दी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मार्ग कर की वसूली के लिए अभी तक कोई नियमावली नहीं बनाई गई है। विभागीय मंत्री नीतीश मिश्रा ने सभी नगर निकायों को निर्देश दिया है कि संबंधित नियमावली के गठन तक भारी वाहनों से किसी भी तरह का मार्ग कर, प्रवेश सेवा शुल्क या चुंगी नहीं वसूली जाए। मंत्री ने चेतावनी दी है कि निर्देशों का उल्लंघन करने वाले नगर निकायों के नगर आयुक्त या नगर कार्यपालक पदाधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी और उनके खिलाफ नियमानुसार अनुशासनिक कार्रवाई होगी।

———————————————————

प्रदेश में विधायकों, पूर्व विधायकों और उनके आश्रितों को अगले वर्ष पहली जनवरी से कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार के साथ हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाएगा। फिलहाल कैशलेस व्यवस्था के तहत इनडोर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी, जबकि आउटडोर चिकित्सा की प्रतिपूर्ति की वर्तमान व्यवस्था जारी रहेगी।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज मीठापुर–करबिगहिया और मीठापुर–महुली फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद दोनों फ्लाईओवर पर वाहनों का परिचालन शुरू हो जाएगा। इन फ्लाईओवर के चालू होने से मीठापुर, करबिगहिया, सिपारा और न्यू बाईपास मार्ग पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही करबिगहिया और मीठापुर क्षेत्र में यातायात का दबाव भी कम होगा।

---

प्रधानमंत्री जन धन योजना के बारह वर्ष पूरे हो गए हैं। यह देश में वित्तीय समावेशन के परिदृश्य को बदलने की दिशा में एक अहम पड़ाव है। इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो हजार चौदह में आज ही के दिन की थी।

---

भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———म्यूजिक———

इस पर्व पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और उनके अच्छे स्वास्थ्य तथा खुशहाली की कामना करती हैं। वहीं, भाई अपनी बहनों की सुरक्षा और उन्हें सहयोग का संकल्प लेते हैं। इधर, रक्षा बंधन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। वन विभाग रक्षाबंधन के पर्व को वृक्ष सुरक्षा दिवस के रूप में मना रहा है। वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर जीवन भर सुरक्षा का संकल्प लिया जा रहा है।

———म्यूजिक———

---

रक्षाबंधन के अवसर पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दी जा रही है। आज रात दस बजे तक निगम की सभी श्रेणियों की लगभग एक हजार पचहत्तर बसों में महिलाएं बिना टिकट यात्रा कर सकेंगी। इनमें एसी, नॉन–एसी, डीलक्स, पीएम ई–बस और पीपीपी मोड पर संचालित बसें शामिल हैं। महिलाएं ऑफिस, कोचिंग, बाजार के अलावा अंतरजिला और अंतरराज्यीय मार्गों पर भी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगी।

---

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि अब इंटरमीडिएट की कक्षा तक विद्यार्थियों के अंक पत्र पर फेल शब्द नहीं लिखा जायेगा। पटना में विभागीय समीक्षा बैठक के बाद श्री तिवारी ने बताया कि फेल की जगह पर कौशल के लिए पात्र शब्द

का प्रयोग होगा। उन्होंने बताया कि विभाग जल्द ही इस संबंध में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को दिशा–निर्देश जारी करेगा।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अगले वर्ष होने वाली मैट्रिक और इंटर की वार्षिक परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि सोलह सितम्बर तक बढ़ा दी है। इधर, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड ने मध्यमा परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि इकतीस अक्टूबर निर्धारित की है।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने समस्तीपुर जिले के रोसड़ा अनुमंडल की भूमि सुधार उप समाहर्ता, डीसीएलआर कंचन कुमारी झा को दो लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उनके साथ घरेलू नौकर सुमित कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद निगरानी की टीम ने डीसीएलआर के सरकारी आवास की तलाशी ली, जहां से तेरह लाख बयासी हजार रुपये नकद और रिश्वत में ली गई वॉशिंग मशीन बरामद की गई। गिरफ्तार डीसीएलआर शिकायतकर्ता से न्यायालय में चल रहे भूमि विवाद मामले में फैसला देने के लिए घूस ले रही थी।

---

मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, नवादा, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान आंधी और वज्रपात का भी अलर्ट है।

———साउंड बाइट———

---

पटना की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी मो. इकबाल आलम को पच्चीस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

---

पटना के फतुहा में गंगा नदी के टापूनुमा इलाके में चल रही मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। मौके से अर्द्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस फैक्ट्री संचालकों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

कटिहार जिले के आजमनगर थाना क्षेत्र के कुशीदा शीतलमनी के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान दो सौ पांच ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– शिक्षक भर्ती–चौथे चरण में भी एक ही परीक्षा होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर एलान किया।

दैनिक जागरण ने लिखा है– जल प्रलय से नेपाल में महाविनाश, दो सौ सत्ताईस भारतीय समेत डेढ़ हजार से ज्यादा लोग लापता, अब तक तीन सौ बानवे मरे।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– बाढ़ में लोगों की मदद करना पहली प्राथमिकता।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– आरक्षण हटाओ आंदोलन के प्रतिनिधियों से मिले केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– समृद्ध महिला, समृद्ध बिहार अभियान शुरू। बिहार में बनेगा महिला विश्वविद्यालय, छात्रा से कुलपति तक सभी होंगी महिलाएं।

आज अखबार लिखता है– मैट्रिक के अंक पत्र पर अब नहीं लिखा जायेगा फेल।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने टी आर ई फोर के लिए एक ही चरण में परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की। छात्रों ने समाप्त किया आंदोलन।

02. गंडक नदी के जलस्तर में आयी कमी। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा– राज्य में बाढ़ का खतरा फिलहाल टला।

03. राज्य सरकार ने नगर निकायों द्वारा भारी वाहनों से मार्ग कर, प्रवेश सेवा शुल्क और चुंगी की वसूली पर रोक लगायी।

04. और, भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।